# <u>संदेश</u>

मैं, विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर जनभागीदारी के माध्यम से जन जागरुकता बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान की प्रशंसा करती हूं।

इस वर्ष का विषय "हाँ, हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं: प्रतिबद्धता, निवेश, और वितरण" हमें इस महामारी के खिलाफ एकजुट होकर काम करने के लिए प्रेरित करता है। टीबी उन्मूलन एक राष्ट्रीय और वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती है। इस संक्रामक रोग ने विश्व में लाखों लोगों को सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावित किया है। टीबी की रोकथाम के लिए हमारे सामूहिक प्रयास और राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए गए जागरुकता अभियान से देश में पिछले एक दशक में टीबी के मामलों में बहुत कमी आई है। मैं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के इस असाधारण योगदान की प्रशंसा करती हूं।

मैं भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी हितधारकों और भागीदारों को एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह करती हूं।

*********